आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल द्वीपसमूह की अपनी आधिकारिक यात्रा पर श्री विजयपुरम पहुंचे– गृहमंत्री आज कई ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं का ई–उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे।
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कल वायु सेना स्टेशन कार निकोबार में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2025 के लिए मतदाता शिक्षा और जागरूकता अभियान के लिए सर्वश्रेष्ठ मीडिया पुरस्कार के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की अपनी आधिकारिक यात्रा पर श्री विजयपुरम पहुंचे। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद विष्णु पद रे, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। अपने दौरे के दौरान गृहमंत्री आज गृहमंत्री आज सुबह वंडूर में गृह मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और दोपहर बाद आई टी एफ मैदान में 'नए आपराधिक कानूनों' पर प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे। शाम साढ़े तीन बजे नेताजी स्टेडियम से कई ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं का ई–उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे जन सभा को भी संबोधित करेंगे। उनकी यह यात्रा द्वीपों के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और भारत के नए कानूनी सुधारों के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन परियोजनाओं के माध्यम से द्वीपसमूह में कनेक्टिविटी, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम की ओर से केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण दोपहर बाद तीन बजकर चालीस मिनट से होगा। कार्यक्रम को दूरदर्शन के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि पिपरहवा अवशेषों का 1898 में पता चला था और प्रारंभकि बौद्ध धर्म के पुरातातविक सर्वेक्षण में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रोनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत 22 नए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसमें लगभग 41 हजार आठ सौ 63 करोड़ रूपये के निवेश का अनुमान है। इन परियोजनाओं से दो लाख 58 हजार करोड़ रूपये का उत्पादन होने और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 34 हजार नौकरियां सृजित होने की आशा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रमुख सुधारों को लागू करना और कार्यान्वयन में तेजी लाना मोदी सरकार की पहचान है।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अगले दो दशकों में देश का विकास अंतरिक्ष, महासागर, जैव प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण सहित नवाचार–संचालित क्षेत्रों से होगा। उन्होंने निजी क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान विकास और नवाचार कोष को वर्ष 2025 की एक प्रमुख उपलब्धि बताया। उन्होंने गहरे समुद्र मिशन और गगनयान जैसे प्रमुख मिशनों पर भी बल दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान और गहरे समुद्र की खोज के लिए एक साथ तैयारी कर रहा है। भारत अगले वर्ष 2027 में ऐतिहासिक दोहरी उपलब्धि हासिल करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में और 6 हजार मीटर की गहराई तक मानवयुक्त पनडुब्बी भेजेगा।

<><><><><><><>

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान कल अंडमान निकोबार कमान के दो दिवसीय दौरे पर द्वीपसमूह पहुंचे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य कमान की परिचालन भूमिका की समीक्षा करना, बुनियादी ढांचे के विकास का आकलन करना और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में तीनों सेनाओं के बीच समन्वय को मजबूत करना था। अपनी यात्रा के दौरान, CDS ने वायु सेना स्टेशन कार निकोबार में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया, जिसमें रनवे और एक अतिरिक्त ईंधन भंडारण सुविधा शामिल है। इन बुनियादी ढांचागत सुधारों से स्थानीय नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। यह बुनियादी ढांचा 'उड़ान' योजना के तहत नागरिक हवाई संपर्क को बढ़ावा देगा। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी भारत के समुद्री हितों और संप्रभुता की रक्षा सुनिश्चित होगी। सी डी एस ने सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के बीच एकीकरण के स्तर की समीक्षा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के बीच निर्बाध समन्वय और परिचालन उत्कृष्टता अनिवार्य है।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग–ईसीआई ने वर्ष 2025 के लिए मतदाता शिक्षा और जागरूकता अभियान के लिए सर्वश्रेष्ठ मीडिया पुरस्कार के लिए मीडिया संस्थानों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने और सुलभ चुनावों के बारे में जागरूकता फैलाने में मीडिया संगठनों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना है। ये पुरस्कार प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो और ऑनलाइन मीडिया सहित चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उन मीडिया संगठनों के नाम और उनके विशेष कार्यों का विवरण प्रस्तुत करें जिन्होंने 2025 के दौरान इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सभी नामांकनों पर ईसीआई स्तर पर विधिवत गठित एक जूरी द्वारा विचार किया जाएगा। इस पहल के तहत, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वश्रेष्ठ मुख्य निर्वाचन कार्यालय सोशल मीडिया टीम को एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ये पुरस्कार इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।

<><><><><><><>

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाराचरमा की ओर से समग्र शिक्षा योजना के तहत 40 सामुदायिक सदस्यों के लिए 30–दिवसीय बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता, व्यावसायिक कौशल और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआरसी समन्वयक ज्योति ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में डिजिटल साक्षरता एक अनिवार्य जीवन कौशल बन गई है। कार्यक्रम समन्वयक, आराधना यादव ने बताया कि इस 30–दिवसीय प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के बुनियादी संचालन, टाइपिंग और सरल दस्तावेज तैयार करना और इंटरनेट के उपयोग पर जानकारी दी जाएगी। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से कल कैंपबेल बे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ट पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पराग ने मवेशियों की नस्ल सुधारने के लिए कृत्रिम गर्भाधान के फायदों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्र के उप–प्रमुख संजय एक्का, गोविन्द नगर ग्राम पंचायत प्रधान वेंकट राव, कैम्पबेल बे की प्रधान रामेश्वरी, उप–प्रधान इमैनुएल और अन्य पंचायती राज संस्थान के सदस्य उपस्थित थे। पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा निदेशक डॉ. नवीन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों के साथ विभिन्न मुद्दों पर सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। प्रधान वेंकट राव ने ग्रामीण विकास और भूमि निकासी से जुड़ी समस्याओं पर अपने विचार साझा किए। कृषि विभाग ने 'रबी अभियान' के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>